एक नजर में

## नवीन संत-सदन का लोकार्पण समारोह



इंदौर. दिगंबर जैन समाज स्मृति नगर की श्रद्धा, सेवा एवं सामूहिक समर्पण से निर्मित नवीन संत सदन का लोकार्पण समारोह मुनि विमल सागर एवं अनंत सागर जी महाराज के पावन सानिध्य में संपन्न हुआ. उक्त भवन का शिलान्यास समाधिस्थ संत आचार्य विद्यासागर महाराज के कर कमलों से हुआ था। दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद के प्रचार प्रमुख सतीश जैन ने बताया कि प्रात: जाप्यानुष्ठान, श्रीजी के अभिषेक, शांति धारा, संगीतमय पूजन व शांति विधान हुआ. तत्पश्चात पूज्य मुनि विमल सागर ने प्रवचन में कहा कि जब स्मृति नगर में आचार्य विद्यासागर महाराज के चरण पड़े थे तब इस भवन का शिलान्यास उन्हीं के कर कमलों से हुआ था. आचार्य श्री ने कहा था कि मंदिर निर्माण तो हो जाएगा किंतु चलते फिरते तीर्थो के लिए धाम नहीं बनाया तो वे कहां रुकेंगे और संतों का चातुर्मास कहां होगा. इस भावना के साथ स्मृति नगर दि. जैन समाज ने आचार्य श्री जी से चातुर्मास का निवेदन किया था। आज उनका वो स्वप्न पूरा हुआ. सतीश जैन ने बताया कि नवीन संत सदन के लोकार्पण कर्ता थे, भरत-कुसुम मोदी परिवार. सहयोगी थे संजय- अर्चना पाटोदी परिवार. शिखर पूंज थे, मनोज बाकलीवाल परिवार एवं महामहिम परिवार थे सिंपल जी - अंकिता जी जैन परिवार. स्मृति नगर जैन समाज के अध्यक्ष स्वर्ण जैन ने बताया कि श्वेत पाषाण के जिनालय का कार्य निर्माणाधीन है. कार्यक्रम के विधानाचार्य थे- बाल ब्रह्मचारी सुनील भैया व सहयोगी थे पारस शास्त्री. आज के कार्यक्रम में स्मृति नगर जैन समाज के उपाध्यक्ष सुनील जैन, सत्येंद्र जैन, पारस जैन, संजय जैन के साथ वार्ड पार्षद सोनाली धारकर आदि का विषेश सहयोग रहा.

## सूर्य नमस्कार यज्ञ व पुरस्कार वितरण समारोह




इंदौर. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के उपलक्ष्य में आयोजित योगा फॉर हेलदी एजिंग अभियान के अंतर्गत को आयोजित सूर्य नमस्कार यज्ञ एवं पुरस्कार वितरण समारोह उत्साह के साथ संपन्न हुआ. इस अवसर पर शिक्षण सत्र के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया. हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित छायाचित्र प्रतियोगिता में विकास कुमार ने प्रथम, वेदिका वर्मा ने द्वितीय तथा अंजू राजावत एवं विजया दवेसर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. सर्वाधिक उपस्थिति पुरस्कार में माधुरी चौहान एवं अश्विनी मिश्रा संयुक्त रूप से प्रथम स्थान पर रहे. डॉ. प्रमोद नंदवाल एवं स्वीटी महाजन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि शिखा जैन, प्रतिभा काबरा एवं रेखा चौहान संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहीं. इसी प्रकार योग के मूलभूत ग्रंथों पर व्याख्यान प्रस्तुति प्रतियोगिता में संप्रदा भावसार प्रथम, डॉ. प्रमोद नंदवाल एवं अजीता जैन संयुक्त रूप से द्वितीय तथा अनिल सोमानी तृतीय स्थान पर रहे. साथ ही हरि ओम योग केंद्र चेरिटेबल ट्रस्ट एवं चोइथराम कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, इंदौर के साधकों द्वारा प्रस्तुत योगमय प्रस्तुतियों का अवलोकन किया गया, जिसकी सभी उपस्थितजनों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की. कार्यक्रम में योग विभागाध्यक्ष डॉ. हेमंत शर्मा, योग मित्र अभियान के संयोजक राकेश चौधरी, इंजी. अनिल अग्रवाल, रौनक सोनी, मनोज वर्मा सहित बड़ी संख्या में योग साधक, विद्यार्थी एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे.

## गोयल अध्यक्ष, मित्तल महामंत्री बने



इन्दौर. अग्रवाल समाज की अग्रणी संस्था अग्रवाल संगठन नवलखा क्षेत्र के वर्ष 2026-27 के निर्वाचन में अखिलेश गोयल सोनू अध्यक्ष और विकास मित्तल बी जे विहार महामंत्री चुने गए। इस संगठन में 35 कॉलोनियों के 500 से अधिक परिवारों का प्रतिनिधित्व किया जा रहा है. अन्य पदाधिकारियों में संजय बद्रुका कोषाध्यक्ष, दीपक अग्रवाल उपाध्यक्ष, पूनम गुप्ता महिला उपाध्यक्ष, विपिन गोयल प्रचार मंत्री, सुरेश अग्रवाल संयोजक, आशीष बद्रुका सह-प्रचार मंत्री, संजय बंसल सह-सचिव एवं विशाल अग्रवाल सह-संयोजक निर्वाचित हुए। कार्यकारिणी का भी गठन किया गया. संगठन के निर्विरोध चुनाव कराने में निर्वाचन समिति एवं पूर्व अध्यक्षों ने आपसी तालमेल जमाकर इन नए पदाधिकारियों को संगठन की कमान सौंपी है.

## न्यायालय परिसर में सामूहिक योगाभ्यास



देपालपुर. अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मध्य प्रदेश राज्य विधि सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इंदौर के मार्गदर्शन में तहसील विधिक सेवा समिति, देपालपुर के तत्वावधान में सिविल न्यायालय परिसर देपालपुर में योग शिविर का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं न्यायालयीन कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया. कार्यक्रम में तहसील विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे तथा अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अंतरसिंह मौर्य ने अध्यक्षता की. शिविर में वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश रिजवाना कौसर, न्यायिक मजिस्ट्रेट सुमित्रा ताहेड़, वरिष्ठ अधिवक्ता राजेन्द्र पटेल, अधिवक्ता चेतन हार्डिया, अधिवक्ता चेतन राठौर, नायब नाजिर दिलीप यादव सहित न्यायालय परिवार के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे.

## स्पंदन परिवार की संगीतमय संध्या 28 को

इंदौर. शहर के चिकित्सकों का प्रतिष्ठित सांस्कृतिक समूह स्पंदन परिवार पिछले 35 वर्षों से चिकित्सा सेवा और संगीत साधना के अनूठे संगम की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी डॉक्टर्स डे एवं वर्ल्ड म्यूजिक डे संयुक्त रूप से मनाने जा रहा है. इसी कड़ी में 28 जून को शाम 6 बजे से लाभ मंडपम ऑडिटोरियम, खेल प्रशाल में संगीतमय संध्या सुर जी कल स्ट्राइक का आयोजन किया जाएगा. कार्यक्रम में शहर के चिकित्सक कलाकार अपनी सुरीली प्रस्तुतियों से श्रोताओं को पुराने और नए मधुर गीतों की मनमोहक यात्रा पर ले जाएंगे. इस वर्ष के आयोजन की विशेष आकर्षण प्रसिद्ध न्यूरोसर्जन एवं गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज करा चुके डॉ. दीपक कुलकर्णी रहेंगे, जो पहली बार स्पंदन डॉक्टर्स टीम का हिस्सा बन रहे हैं. कार्यक्रम में उपस्थित दर्शकों को उनसे रूबरू होने का अवसर मिलेगा और वे उनके सुरों का जादू भी सुन सकेंगे. आयोजन में डॉ. हेमंत मंडोवरा, डॉ. अमित वर्मा, डॉ. प्रमोद नीमा, डॉ. अतुल भट्ट, डॉ. पिनाक भटनागर, डॉ. रूचि शाह, डॉ. मून जैन, डॉ. निकिता भटनागर सहित कई चिकित्सक कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संजय कुमार लोंढे करेंगे, जबकि संगीत संयोजन अभिजीत गौड़, कपिल राठौर एवं साथी कलाकारों द्वारा किया जाएगा. स्पंदन परिवार के सदस्य एवं आयोजन से जुड़े वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. मनोज भटनागर ने कहा कि चिकित्सकों का जीवन अत्यंत व्यस्त और जिम्मेदारियों से भरा होता है, ऐसे में संगीत उन्हें मानसिक संतुलन, सकारात्मक ऊर्जा और नई प्रेरणा प्रदान करता है.

## दुष्कर्म मामले में आरोपी डेढ़ माह बाद गिरफ्तार

इंदौर. अन्नपूर्णा पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे 3 हजार रुपए के इनामी आरोपी को उज्जैन से गिरफ्तार किया है. आरोपी करीब डेढ़ माह से गिरफ्त से बचने के लिए ठिकाने बदल रहा था. अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र में 2 मई 2026 को दर्ज दुष्कर्म के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया था. आरोपी सुरेंद्र सिंगाड़ उम्र 28 साल निवासी ग्राम कालापान, जिला झाबुआ है. घटना के बाद से वह फरार चल रहा था, जिस पर जोन 4 डीसीपी द्वारा 3 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था.

# जेल से चल रहा धमकी का खेल, समझौता नहीं किया तो दी हत्या की चेतावनी

**कोर्ट ने आरोपी की जमानत याचिका कर दी खारिज**

**आरोपी की पत्नी ने भी इंस्टाग्राम पर धमकी दी**

नव भारत न्यूज

**इंदौर. पलासिया थाने में दर्ज गंभीर अपराध के आरोपी लक्की उर्फ सोहेल खान की जमानत याचिका कोर्ट ने खारिज कर दी. विशेष न्यायाधीश ने स्पष्ट कहा कि आरोपी को जमानत देने पर साक्ष्य और गवाह प्रभावित हो सकते हैं. आरोपी पर जेल में रहते हुए फरियादी को फोन कर समझौते का दबाव बनाने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप है. आरोपी की पत्नी ने भी इंस्टाग्राम पर धमकी दी, कोर्ट ने आरोपी की जमानत खारिज कर दी है.**

पलासिया थाने में बुधवार 29 अप्रैल को दर्ज एक अपराध में आरोपी लक्की उर्फ सोहेल खान को पुलिस ने गुरुवार 30 अप्रैल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था. आरोपी के खिलाफ बीएनएस के साथ ही एससी-एसटी एक्ट की धाराओं के तहत केस दर्ज है. फरियादी ने बताया कि मंगलवार



28 अप्रैल को उसे एक मोबाइल नंबर से कॉल आया था, कॉलर ने खुद को लक्की बताते हुए कहा कि केस में समझौता कर ले, नहीं तो 80 फीट रोड पर जहां मिलेगा, वहीं खत्म कर देगा. जब फरियादी ने कहा कि वह जेल में है, तो आरोपी ने कहा कि वह जेल से अपनी बहन के मोबाइल से बात कर रहा है. उसने धमकी दी कि समझौता नहीं किया तो बाहर आते ही हत्या कर देगा.

### आरोपी और उसके परिवार द्वारा बनाया जा रहा दबाव

फरियादी का कहना है कि आरोपी और उसके परिवार द्वारा लगातार दबाव बनाया जा रहा है. शनिवार 20 जून की रात करीब 9 बजे आरोपी की पत्नी ने इंस्टाग्राम आईडी से मैसेज कर जान से मारने की धमकी दी. इससे पहले भी 15 मई को कॉन्फ्रेंस कॉल के जरिए धमकी देने की शिकायत थाना लसूड़िया में की जा चुकी है. जिसकी कॉल रिकॉर्डिंग फरियादी ने पुलिस को दी है. बताया गया है कि प्रकरण की जांच पूरी कर पुलिस चार्जशीट पेश कर चुकी है. आरोपी की ओर से जमानत के लिए आवेदन दिया, जिसमें उसने खुद को निर्दोष बताते हुए पुराने संबंधों और व्हाट्सएप चैट का हवाला दिया. वहीं अभियोजन और फरियादी पक्ष ने जमानत का विरोध करते हुए कोर्ट में बताया कि आरोपी लगातार धमका रहा है और बाहर आने पर गवाहों को प्रभावित कर सकता है.

**कोर्ट ने कहा- अपराध गंभीर, आरोपी को राहत देना उचित नहीं**

मामले की सुनवाई करते हुए विशेष न्यायाधीश अजा/अजजा अधिनियम इंदौर देवेन्द्र प्रसाद मिश्रा ने शुक्रवार 19 जून को आरोपी की जमानत याचिका खारिज कर दी. कोर्ट ने माना कि अपराध गंभीर प्रकृति का है और आरोपी को राहत देना उचित नहीं है. सुनवाई के दौरान करणी सेना के कार्यकर्ता मानसिंह राजावत, युवराज सिंह सहित अन्य मौजूद रहे.

## खतरनाक ड्राइविंग कर वीडियो बनाने वाले तीन आरोपी पकड़े

इंदौर. विजयनगर पुलिस ने सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के आधार पर कार्रवाई करते हुए खतरनाक तरीके से वाहन चलाने और नियमों का उल्लंघन करने वाले तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया है. विजयनगर पुलिस ने वायरल वीडियो की जांच के बाद तीन युवकों के खिलाफ कार्रवाई की है. आरोपियों पर सार्वजनिक मार्ग पर खतरनाक तरीके से वाहन चलाने, बीयर पीने और धूम्रपान कर यातायात व जनसुरक्षा को खतरे में डालने का आरोप है. पुलिस ने मामले में उपोयगी की बुलेट मोटरसाइकिल और स्कूटी को जब्त कर लिया है. पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपने कृत्य पर शहरवासियों से सार्वजनिक माफी मांगी और भविष्य में ऐसी हरकत दोबारा नहीं करने का आश्वासन दिया.

# रानीपुरा में कबाड़ दुकान में लगी आग

## संकरी गलियों के कारण काफी परेशानी उठानी पड़ी दमकल टीम को

**इंदौर. शहर के मध्य क्षेत्र रानीपुरा के झंडा चौक में देर रात एक कबाड़ दुकान में भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया. आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया, जिससे आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए. दमकलकर्मियों ने करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई.**

आग इफ्तियार खान की कबाड़ दुकान में लगी. रात करीब 11 बजे आग और धुएं की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई. मौके पर पहुंची टीम को संकरी गलियों के कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ा, लेकिन स्थानीय लोगों की मदद से पाइप लाइन बिछाकर आग बुझाने का काम शुरू किया गया. घटना के दौरान रहवासियों ने भी सक्रियता दिखाते हुए शुरुआती स्तर पर पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की. बाद में दमकल टीम ने करीब 15 हजार लीटर पानी की मदद से आग पर काबू पाया. आग में दुकान का शेड और अंदर रखा भारी मात्रा में कबाड़ जलकर खाक हो गया. घने इलाके में धुएं के कारण लोगों को सांस लेने में दिक्कत भी हुई. प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है. स्थानीय थाना प्रभारी के अनुसार सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी. क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखी गई और आग बुझाने में फायर टीम को सहयोग किया गया. मामले की जांच की जा रही है.

**भौंरासला में एवर फ्रेश दुकान में आग**

बाणगंगा क्षेत्र के भौंरासला में सुबह एक एवर फ्रेश दुकान में आग लग गई. सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने करीब एक घंटे में आग पर काबू पाया. आग बुझाने में करीब 500 लीटर पानी का उपयोग किया गया. राहत की बात यह रही कि घटना में भी कोई जनहानि नहीं हुई.

# कांग्रेस ने बदला नेता प्रतिपक्ष, चौकसे की जगह सोनीला

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** कांग्रेस ने नगर निगम नेता प्रतिपक्ष बदल दिया है. अब चिंटू चौकसे की जगह सोनीला मिमरोट भाटिया को नेता प्रतिपक्ष बना दिया है. इस फेरबदल के पीछे एक व्यक्ति एक पद की बात करने वाले पूर्व मुख्यमंत्री का उठाया मुद्दा नजर आता है.

नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष सोनिया मिमरोट भाटिया होंगी. इसके पीछे पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह द्वारा प्रभारी हरीश चौधरी के सामने उठाया गया एक व्यक्ति एक पद का मुद्दा बताया जा रहा है. जीतू पटवारी वैसे भी राज्यसभा चुनाव में मात खा चुके है, इसलिए वे कोई जोखिम लेने के मूड में नजर नहीं आ रहे हैं. फिर एक बात और यह भी है कि संगठन में वे अपने विश्वस्त को रखना चाहते है. दूसरी ओर पटवारी ने सोनीला को बनाकर एक साथ दो समुदाय को





साधने का काम किया है. एक महिला और दूसरा अनुसूचित जाति की महिला. इससे महिला और अनुसूचित जाति दोनों साध गए. अब पटवारी को किस को उपकृत करना रहा तो उनके सामने विकल्प खुला है. देखा जाए तो चिंटू का नगर निगम में प्रदर्शन खराब नहीं रहा है, उन्होंने शहर और जनहित के मुद्दों केके बहुत तवज्जो दी है. इसका उदाहरण है भागीरथपुरा दूषित जल कांड, सड़क चौड़ीकरण में मकान तोड़ने का मामला हो या फिर जल संकट, संपत्तिकर रेट झोन बदलने का हो. हर मुद्दे को चौकसे ने बड़ी ताकत से और गहराई से उठाने का काम किया है.

**तीखा बोलने वाली, कानून की जानकार**

वैसे सोनीला भी सदन में तीखा बोलने वाली महिला मानी जाती है. पेशे से एडवोकेट है, तो कानून की भी जानकार है. अब नई जिम्मेदारी पर उनका सदन और शहर के मुद्दों पर प्रदर्शन देखना होगा.

# भेरुघाट में चलती कार में लगी आग, बड़ा हादसा टला

## पुलिस की तत्परता से 11 लोगों की बची जान

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** भेरुघाट क्षेत्र में रविवार रात एक इको कार में अचानक आग लगने से दहशत फैल गई. लेकिन, मानपुर पुलिस और डायल-112 टीम की तत्परता से बड़ा हादसा टल गया. वाहन में सवार 4 महिलाओं, 3 पुरुषों और 4 बच्चों सहित 11 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया.

घटना रात करीब 9.15 बजे भगवती ढाबा के सामने हुई. शाम करीब 8 बजे भेरुघाट में जाम की सूचना पर डायल-112 के सैनिक करण निनामा और पायलट दीपक मीणा मौके पर पहुंचे थे और यातायात व्यवस्था संभाल रहे थे. इसी दौरान उज्जैन लौट रहे





श्रद्धालुओं की इको कार (एमपी-13 सीई 3547) में अचानक आग लग गई. आग लगते ही पुलिस टीम ने बिना देर किए सभी यात्रियों को वाहन से बाहर निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया और थाना मानपुर को सूचना दी.

मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी महेन्द्र मकाश्रे और पुलिस बल ने अन्य वाहनों से आग बुझाने के उपकरण जुटाकर जोखिम उठाते हुए आग पर काबू पाया. साथ ही जाम की स्थिति को देखते हुए ट्रैफिक को दूसरी लेन से डायवर्ट कर यातायात सुचारू करवाया. घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है. फरियादी की सूचना पर मानपुर थाने में आग का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है. मामले में एसपी ग्रामीण राजेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि पुलिस की तत्परता से बड़ी घटना टल गई है, उन्होंने कार्रवाई में शामिल पुलिसकर्मियों की सराहना की है.

# रंजिश में स्कूटी में आग लगने वाला आरोपी गिरफ्तार

**इंदौर. अन्नपूर्णा पुलिस ने घर के बाहर खड़ी स्कूटी में आग लगाने के मामले में तुरंत कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया. आरोपी ने पुरानी रंजिश के चलते वारदात को अंजाम देना कबूला है.**

थाना प्रभारी हित गोपाल यादव ने बताया कि फरियादी नीमा डांडिया, निवासी अन्नपूर्णा मंदिर क्षेत्र ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 18 जून की रात अज्ञात बदमाशों ने उनके घर के बाहर खड़ी स्कूटी एमपी 09 डीबी 0576 में आग लगा दी.

फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की थी, पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया.

तकनीकी साक्ष्यों और सूचना के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसे चंदन नगर क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया. पूछताछ में आरोपी आदित्य कोसे उम्र 19 साल निवासी रामा कॉलोनी सिरपुर ने पुरानी रंजिश के चलते पेट्रोल डालकर स्कूटी में आग लगाने की बात कबूल की. पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है.



# ज्योतिषी एवं वास्तुविदों ने बच्चों के आश्रम में की सामग्री दान

**इंदौर.** श्री जैन प्राच्यविद्या अनुसंधान संगठन के अन्तर्गत सौभाग्य समृद्धि योजना के तहत रावतगांव स्थित साधकवास वात्सल्य धाम में बच्चों को पलंगसेट, बेडशीट्स, पानी की कोठियां, छतरियां एवं राशन सामग्री आदि प्रदान किये गये. संरक्षक ज्योतिषाचार्य एम के जैन, राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेन्द्र सिंघई ने संबोधित किया. योगाचार्य मनोज जैन ने बच्चों को योगाभ्यास कराया, इस अवसर पर संयोजक किरण मेहता, गजराजसिंह ठाकुर, डॉ मनीषा चेलावत, सुषमा जैन, श्वेता जैन एवं आयुषी जैन उपस्थित थे. आश्रम प्रभारी मधु मालविया ने आभार माना.

# साधु-साध्वी की सेवा में जुटे चिकित्सकों व परिवारों का अभिनंदन

**इंदौर.** जैन संतों, मुनियों और साधु-साध्वी वृन्द की शहर की 70 किमी परिधि और सातों दिशाओं में विहार के दौरान नियमित रूप से सेवा करने वाले शहर के 78 समर्पित परिवारों और समाज के साधु-साध्वी-भगवंतों की निष्काम सेवा में समर्पित रहने वाले 40 प्रख्यात चिकित्सकों का श्री साधुमार्गी जैन समता संघ की साधारण सभा एवं सेवा समर्पण सम्मान समारोह में आत्मीय अभिनन्दन किया गया.

गुमास्ता नगर स्थित मुकुट मांगलिक भवन पर आयोजित इस कार्यक्रम में पहले चरण में वर्ष 2025-26 का आय-व्यय विवरण सर्वानुमति से पारित किया गया, जिसे कोषाध्यक्ष अजय चौरड़िया ने प्रस्तुत किया. इस मौके पर संघ के अध्यक्ष पारस बोहरा ने आगामी तीन चातुर्मास कार्यक्रमों की




रूपरेखा बताई और युवा संघ के अध्यक्ष, मंत्री और कोषाध्यक्ष के मनोनयन की भी घोषणा की. मीडिया प्रभारी पद के लिए मनीष बोहरा को पुन: सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया.

इस अवसर पर रामामृतम योजना के संयोजक अनीश सूर्या ने अभियान की अब तक की प्रगति एवं उपलब्धियों का विवरण दिया. महामंत्री पिंकेश पगारिया ने गत वर्ष का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और राकेश पोरवाल ने युवा संघ की गतिविधियों का ब्यौरा दिया. राष्ट्रीय दान पेटी प्रकल्प की सह-संयोजक आभा डूंगरवाल ने जब बताया कि इंदौर संघ ने इस प्रकल्प में पूरे देश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है. अतिथियों का स्वागत अमित नवलखा, सुभाष गोखरु एवं अन्य पदाधिकारियों ने किया. संचालन पिंकेश पगारिया एवं ललित दुगड़ ने किया. कार्यक्रम के अगले चरण में शहर के उन 40 प्रख्यात चिकित्सकों का सम्मान किया गया जो साधु-साध्वी-भगवंतों की निष्काम सेवा में सदैव तत्पर बने हुए हैं। इसी तरह शहर की 70 किमी परिधि में सातों दिशाओं में विहार करने वाले साधु-साध्वी-भगवंतों की विहार के दौरान निष्काम सेवा में जुटे रहने वाले 78 परिवारों एवं जैन पाठशालाओं के उन 10 शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया.

एक नजर में

**उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं के सम्मानार्थ एक गरिमामय सम्मान समारोह आयोजित**

# निरंतर परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का प्रतिफल सफलता

**इंदौर.** क्वींस कॉलेज परिसर में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सी.बी.एस.ई.) परीक्षा सत्र 2025- 26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं के सम्मानार्थ एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया.

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्या वर्षा जैन, पूर्व प्राचार्या गीता सोमशेखरन तथा समस्त संयोजिकाओं द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ. कक्षा दसवीं एवं बारहवीं की मेधावी छात्राओं को उनके अभिभावकों सहित ट्रॉफी एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया. कक्षा दसवीं में तरंग काकानी ने 99.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सिटी टॉपर, ए.आई.आर.-3 तथा विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया. किंजा आडवाणी ने 99.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय तथा लविशी सोलंकी ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया. इसके अतिरिक्त विभिन्न विषयों में शत-प्रश अंक प्राप्त करने वाली ग्यारह छात्राओं एवं उनके शिक्षकों को विशेष रूप से सम्मानित किया. बारहवीं में युथिका कनास ने विज्ञान संकाय में तथा यशवी गर्ग ने वाणिज्य संकाय में 94.4 प्रश अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया. वहीं सृष्टि गुलवानी एवं अनुष्का खंडेलवाल 94 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रहीं. तृषा माहेश्वरी ने 93.8 प्रश अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान अर्जित किया. साथ ही दो छात्राओं को हिन्दुस्तानी संगीत एवं लीगल स्टडीज़ विषय में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर विशेष पुरस्कार प्रदान किए गए. विद्यालय की प्राचार्या वर्षा जैन ने कहा कि सफलता केवल अंकों का परिणाम नहीं, बल्कि निरंतर परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का प्रतिफल है. चुनौतियाँ जीवन को तराशती हैं और कठिन परिश्रम ही उत्कृष्टता का मार्ग प्रशस्त करता है.




**रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति**

इस अवसर पर प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी. शास्त्रीय नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया, वहीं हिन्दी एवं अंग्रेज़ी गीतों की सुमधुर प्रस्तुतियों ने वातावरण को भाव-विभोर कर दिया. कार्यक्रम का कुशल संचालन प्रोमा, इफ़रा, अंशिता जैन एवं अवनी गुप्ता द्वारा किया गया. तन्या दिशोरिया ने आभार माना.

# अपने भक्तों की रक्षा के लिए खाटू श्याम बाबा हमेशा रहते हैं तत्पर

**इन्दौर.** जिसके ईष्ट और कुलदेवता खाटू वाले श्याम बाबा हों, उन्हें श्याम भागवत अवश्य सुनना चाहिए. निर्धन, नि:संतान और दुर्भाग्य से घिरे लोगों को श्याम बाबा की कृपा अवश्य मिलती है. दिलचस्प बात यह भी है कि श्याम बाबा अपने भक्तों की मनोकामना पूरी करने और भक्तों की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं. सच्चे मन से की गई हर पुकार और प्रार्थना पूरी करने के लिए श्याम बाबा खुद दौडे चले आते हैं. यही कारण है कि कलियुग में श्याम बाबा के मंदिरों और भक्तों की संख्या निरंतर बढती जा रही है.

ये विचार हैं दिल्ली के प्रख्यात भागवताचार्य पं. संजय प्रभाकर के, जो उन्होंने सोमवार को एयरपोर्ट रोड, अंबिकापुरी स्थित श्री खाटू श्याम धाम मंदिर के 29वें वार्षिकोत्सव में चल रही श्याम भागवत के दौरान व्यक्त किए. महामंडलेश्वर स्वामी गोपालदास महाराज के सानिध्य में अ.भा. खाटू श्याम अखाड़े के अनेक संत-विद्वान इस महोत्सव में शामिल होने आए हुए हैं. कथा शुभारंभ के पूर्व व्यास पीठ का पूजन विजय कालानी, विनोद मित्तल, हीरालाल कुमावत, विजय शर्मा, महेश वर्मा, सुरेश सेन एवं उमेश यादव ने किया. महंत नीलू बाबा ने बताया कि पं. संजय प्रभाकर के श्रीमुख से श्याम सरकार की भागवत का दिव्य आयोजन शहर में पहली बार होने से प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए आ रहे हैं.